भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 13

(जिसका उत्तर सोमवार, 01 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है)

टिहरी झील क्षेत्र परियोजना का विकास कार्य

13. श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह:
श्री चंदन चौहान:
श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत:
श्री मुकेश कुमार चंद्रकांत दलाल:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तराखंड में टिहरी झील क्षेत्र परियोजना में 126.4 मिलियन डॉलर की सतत, समावेशी और जलवायु-अनुकूल पर्यटन विकास के तहत किए जा रहे बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख): उक्त परियोजना से कितने निवासियों और पर्यटकों के लाभान्वित होने की संभावना है;

(ग): भूस्खलन और बाढ़ जोखिमों को कम करने के लिए संस्थागत सुदृढ़ीकरण, आपदा तैयारी और प्रकृति-आधारित समाधानों को अपनाने के लिए लागू की गई प्रमुख पहलें क्या हैं; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त परियोजना के तहत समावेशिता और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने और महिलाओं के नेतृत्व वाली आपदा प्रबंधन पहलों का सहयोग करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ): एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और भारत सरकार ने टिहरी झील परियोजना में सतत, समावेशी और जलवायु अनुकूल पर्यटन विकास के लिए दिनांक 10.09.2025 को 126.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड राज्य के टिहरी गढ़वाल जिले के टिहरी झील क्षेत्र में आजीविका, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु प्रतिरोधी पर्यटन के विकास में सहायता करना है। यह उत्तराखंड सरकार की राज्य क्षेत्र की परियोजना है, और राज्य सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा एडीबी के साथ ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। परियोजना के ब्यौरे की अभिरक्षक राज्य सरकार है और परियोजना की विस्तृत जानकारी का रखरखाव भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय रूप से नहीं किया जाता है।

****